NDTV राजस्थान

श्रीगंगानगर में दुकानों पर कई ब्रांड के बिक रहे थे नकली कपड़े, पुलिस ने छापा मारा तो मच गया हड़कंप

Rajasthan News: श्रीगंगानगर के सेतिया कॉलोनी रोड पर रेडीमेड गारमेंट्स की कई दुकानों पर बुधवार को पुलिस ने छापा मारा. पुलिस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया. जिससे दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया. इन दुकानों पर ब्रांडेड नकली कपडे बिक रहे थे. यह कार्रवाई ब्रांडेड कंपनियों के प्रतिनिधियों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने की.

सेतिया कॉलोनी मेन रोड पर छापेमारी

सीओ सिटी बी आदित्य ने बताया कि इन दुकानों पर ब्रांडेड कंपनियों के नकली गारमेंट्स बेचे जा रहे हैं. जैसे ही पुलिस ने वहां छापा मारा, तो बड़ी संख्या में लोग भी एकत्रित हो गये. इसके बाद और पुलिस बल बुलाया गया. दरअसल, ब्रांडेड कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पुलिस को शिकायत की थी कि सेतिया कॉलोनी मेन रोड पर रेडमेड गारमेंट्स की अनेक दुकानें हैं, जहां ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली गारमेंट्स बेचे जा रहे हैं.

शाम तक चली पुलिस की कार्रवाई

इस पर भारी संख्या में पुलिस बल रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानें एक्स जॉन, न्यू एक्स जॉन, जमीदार ब्वॉयज पर छापा मारा. कार्रवाई के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि कुछ दुकानों पर लेविस, डीजल, पोलो आदि ब्रांडेड कंपनियों के नाम से गारमेंट्स बेचे जा रहे थे. पुलिस कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में रेडीमेड कपड़े भी जब्त किये गए. पुलिस की यह कार्रवाई शाम तक चली. पुलिस दुकानों में पड़े कपड़ों के स्टॉक की पड़ताल कर रही थी.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/sriganganagar-raid-after-complain-of-fake-clothes-of-many-brands-in-shops-6805211